## संपादकीय

# अब प्रश्न औचित्य का

'मौजूदा आर्थिक यथार्थ मानव मूल्यों का अपमान है। 25 वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब चरम गरीबी बढ़ रही है और लगभग एक अरब लोग भुखमरी का शिकार हो रहे हैं।' नदी में पानी आता है, तो सबकी नाव ऊंची होती है- यह कहावत अक्सर नव-उदारवादी अर्थव्यवस्था के औचित्य को सही ठहराने के लिए कही जाती है। अर्थ यह होता है कि जब समाज में धन निर्मित होता है, तो भले ही धीरे-धीरे रिस कर वह या उसका लाभ सब तक पहुंचता है। इस औचित्य को बल प्रदान करने के लिए इन आंकड़ों का बार-बार उल्लेख होता रहा है कि कैसे पिछले तीन दशक में दुनिया भर में (विश्व बैंक के फॉर्मूले के मुताबिक) गरीबी घटी। भारत में भी यह तर्क दिया गया है कि यूपीए के शासनकाल में जब देश ने ऊंची आर्थिक वृद्धि दर हासिल की, तब 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए। ऐसी दलील देते वक्त अक्सर इस बात को चर्चा से बाहर कर दिया जाता था कि इस दौरान विभिन्न समाजों में आर्थिक गैर-बराबरी कितनी बढ़ी? बहरहाल, अब जो आंकड़े सामने आए हैं (अथवा लगातार आ रहे हैं), वे इस अर्थव्यवस्था के 'नदी में पानी' वाले औचित्य पर भी सवाल उठा रहे हैं।

ब्रिटिश एनजीओ ऑक्सफेम ने अपनी ताजा रिपोर्ट में बताया है कि कोरोना महामारी के बाद दुनिया जो धन पैदा हुआ, उसका 63 प्रतिशत हिस्सा सबसे धनी एक प्रतिशत आबादी की जेब में चला गया। यह रकम 26 ट्रिलियन डॉलर बैठती है। लेकिन बात सिर्फ इतनी नहीं है। संस्था के अधिकारियों ने कहा है- 'मौजूदा आर्थिक यथार्थ मानव मूल्यों का अपमान है। 25 वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब चरम गरीबी बढ़ रही है और लगभग एक अरब लोग भुखमरी का शिकार हो रहे हैं। दूसरी तरफ अरबपतियों को हर रोज तोहफे मिल रहे हैं।' यानी अब सबकी नाव उठने के बजाय बड़ी संख्या में लोगों की नाव डूब रही है। लेकिन वैश्विक विमर्श में यह मुद्दा चर्चा से गायब है। इसके बजाय विभिन्न देशों में धर्म, नस्ल, लिंग, जाति जैसी अस्मिताओं को राजनीति के केंद्र में बनाए रखा जा रहा है, ताकि इस बुनियादी प्रश्न पर चर्चा केंद्रित ना हो। ऑक्सफेम ने सरकारों से धन और उत्तराधिकार कर लगा (या बढ़ा) कर तुरंत समाधान की दिशा में बढ़ने का सुझाव दिया है। लेकिन उसकी बात सुनी जाएगी, इसकी संभावना फिलहाल कम है।

# रायपुर के अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से पहले विकल्पों पर विचार करेगा भारत



**रायपुर।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रृंखला जीतने की कवायद में जुटे भारत को अपने मध्यक्रम से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। शहर पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले की मेजबानी कर रहा है और ऐसे में 60 हजार से अधिक दर्शकों के स्टेडियम में आकर मेजबान टीम का हौसला बढ़ाने की उम्मीद है।

न्यूजीलैंड की टीम 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले मैच में 131 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद 206 रन और बनाने में सफल रही थी जो भारत के लिए चिता का सबब होगा। मेहमान टीम वापसी करते हुए जोरदार जीत दर्ज करने के करीब थी लेकिन मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। शुभमन गिल ने बल्ले से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दोहरा शतक जड़ा और अकेले दम पर भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

पिछले कुछ समय से प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हार्दिक पंड्या से पारी के अंतिम ओवरों में ताबड़तोड़ रनों की उम्मीद होगी। बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जडऩे के बाद मध्य क्रम में जगह पाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन हैदराबाद में पहले वनडे में नाकाम रहने के बाद इस बार मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। कप्तान रोहित शर्मा अच्छी लय में लग रहे हैं और उन्हें अच्छी शुरुआत भी मिली है लेकिन वह बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। वह भी एक बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

हालांकि बड़ी चिता गेंदबाजी विभाग में है। बुधवार को माइकल ब्रेसवेल ने अकेले दम पर न्यूजीलैंड को जीत के करीब पहुंचा दिया था। भारत ने पहले वनडे में तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक की जगह शारदुल ठाकुर को मौका दिया था क्योंकि वह बल्लेबाजी में बेहतर विकल्प हैं। लेकिन प्रबंधन को जल्द ही फैसला करना होगा कि उसे एक ऐसा गेंदबाज चाहिए जो बल्लेबाजी कर पाए या ऐसा विशेषज्ञ गेंदबाज जो अपनी अतिरिक्त गति से विरोधी टीम को ध्वस्त कर सके और साथ ही बीच के ओवरों में भी विकेट हासिल कर सके।

सिराज ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया है। मोहम्मद शमी ने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी की है लेकिन ब्रेसवेल ने उनके खिलाफ आसानी से रन बटोरे। हार्दिक भी काफी महंगे साबित हुए। स्पिन विभाग में वाशिंगटन सुंदर के लिए यह भुलाने वाला मुकाबला था जबकि कुलदीप यादव ने प्रभावी गेंदबाजी की। टीम के पास कुलदीप और युजवेंद्र चहल को एक साथ खिलाने का विकल्प भी है लेकिन अभी एक कलाई के स्पिनर और एक अंगुली के स्पिनर को खिलाने को तरजीह दी गई है। श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड का कभी हार नहीं मानने का जज्बा दिखा और इससे टीम का मनोबल बढ़ा होगा। ऐसा नियमित रूप से नहीं होता कि सातवें नंबर पर खेलने उतरे ब्रेसवेल और आठवें नंबर पर उतरे मिशेल सेंटनर टीम को हार की कगार से वापसी कराएं।

## दुनिया का सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट हुआ कंगाल, खाते से गायब हुए 98 करोड़ रुपए



**नईदिल्ली।** इंडिया में तो लोगों के साथ धोखाधड़ी के कई मामले सामने आते ही रहते है लेकिन विदेश में भी लोगों के साथ धोखाधड़ी हो रही है। इस बार धोखाधड़ी का शिकार हुए है दुनिया के सबसे तेज धावक जमैका के उसैन बोल्ट जो अचानक कंगाल हो गए हैं। उनकी अब तक की कमाई उनके अकउंट से गायब हो गई।

जी हा अपने दौडऩे की गती से अपनी पहचान बनाने वाले धावक उसैन बोल्ट अपने रिटायरमेंट के बाद एक बार फिर से चर्चाओं में है। खबरों की माने तो उनकी कमाई और रिटायरमेंट से मिला सारा पैसा गायब हो गया है। उन्होंने ओलंपिक खेलों में दुनिया के दिग्गज धावकों को पीछे छोड़ते हुए 8 बार गोल्ड मेडल जीता था। रिपोर्ट्स की मानें तो उसैन बोल्ट के खाते से 98 करोड़ रुपये गायब हो गए है।

जानकारी के अनुसार उसैन बोल्ट के इनवेस्टमेंट अकाउंट से 98 करोड़ रुपये गायब हुए है। खबरों की माने तो उनका पैसा जमैका की एक निवेश कंपनी के पास था। उधर बोल्ट के वकील ने कंपनी को लेटर भेजकर उनके पैसे लैटाने को कहा है। इस घटना के बारे में 11 जनवरी को उसैन बोल्ट को पता चला कि उनका फंड गायब हो गया है।

सरकार ने कर लिया ये फैसला

## एक अप्रैल से सड़क पर नहीं दिखेगी अब 15 साल पुरानी गाड़ियां

**नईदिल्ली।** सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय देश में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर थोड़ा सजग है बहुत पहले सरकार की और से एक पॉलिसी लाई गई थी जिसमें यह तय किया गया था की 15 साल पुरानी सभी गाडिय़ों कबाड़ हो जाएगा यानी को उनकों स्क्रैप कर दिया जाएगा और उनके बदले पैसा दिया जाएगा।

ऐसे में सरकार ने अब इसकी शुरूआत खुद से की है और इसके तहत 1 अप्रैल से 15 साल पुरानी सभी सरकारी गाड़ी कबाड़ हो जाएंगी। इसके साथ ही उनका रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल कर दिया जाएगा। ऐसा करने से बहुत सारी गाडिय़ा कबाड़ हो जाएगी। सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की और से इसकों लेकर नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि 1 अप्रैल से सभी सरकारी गाडिय़ां जो 15 साल पुरानी हो चुकी है वो स्क्रैप हो जाएगी और उनका रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल हो जाएंगे।

## बजट 2022-23... डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में आई तेजी को अगले वित्त वर्ष कायम रखना हो सकता है मुश्किल




**नईदिल्ली।** वैश्विक स्तर पर सुस्ती आने और उच्च आधार प्रभाव की वजह से आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह में 19.5 प्रतिशत की मौजूदा ग्रोथ रेट को अगले वित्त वर्ष में कायम रख पाना मुश्किल हो सकता है। एक सरकारी सूत्र ने यह आशंका जताई है। व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेट कर के रूप में वसूला जाने वाला शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में रिकॉर्ड दर से बढ़ा है।

इसने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में निर्धारित कर संग्रह लक्ष्य को भी पार कर लिया है। चालू वित्त वर्ष में 10 जनवरी की तारीख तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.55 प्रतिशत बढक़र 12.31 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

यह समूचे वित्त वर्ष के लिए अनुमानित कर संग्रह का 86.68 प्रतिशत है जबकि वित्त वर्ष में अभी ढाई महीने का समय बचा हुआ है। हालांकि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों का असर देखा जा सकता है।

सरकारी सूत्र ने कहा कि इस बजट में 19.5 प्रतिशत की मौजूदा कर वृद्धि को बनाए रख पाना मुश्किल होगा। सूत्र ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर में 19.5 प्रतिशत की वृद्धि दर को कायम रख पाना मुश्किल होगा।

उन्होंने कहा कि वैश्विक मंदी के खतरों को देखते हुए आयकर संग्रह में गिरावट आ सकती है। पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रह सकती है।

हालांकि मौजूदा कीमतों पर यह वृद्धि 15.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अगले वित्त वर्ष में भारत की वास्तविक वृद्धि दर 6-6.5 प्रतिशत रह सकती है।

## बैंक-वीडियोकॉन ऋण धोखाधड़ी मामला : उच्च न्यायालय ने वेणुगोपाल धूत को दी अंतरिम जमानत



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन ऋण धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तारी के करीब एक महीने बाद वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत की अंतरिम जमानत अर्जी शुक्रवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पी के चव्हाण की खंडपीठ ने धूत को एक लाख रुपये की जमानत राशि पर जमानत दी। अदालत ने उन्हें नकद मुचलका भरने और इसके दो हफ्ते बाद जमानत राशि जमा कराने की इजाजत दी।

पीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के उसके आदेश पर रोक लगाने के अनुरोध को भी खारिज कर दिया, ताकि वह उच्चतम न्यायालय में अपील कर सके। अदालत ने मामले में हस्तक्षेप करने और सह-आरोपियों-आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को अंतरिम जमानत देने वाले इसी पीठ द्वारा पारित आदेश को वापस लेने की एक वकील द्वारा दायर अर्जी भी खारिज कर दी। पीठ ने वकील पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। धूत ने 10 जनवरी को उच्च न्यायालय का रुख किया था, जब इसी पीठ ने कोचर दंपति को जमानत दी थी। कोचर दंपति को 23 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया गया था। धूत के वकील संदीप लड्डा ने दलील दी थी कि धूत की गिरफ्तारी अवांछित है, क्योंकि उन्होंने जांच में सहयोग किया है। बहरहाल, सीबीआई ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि वीडियोकॉन समूह के संस्थापक ने जांच से बचने की कोशिश की थी और उनकी गिरफ्तारी वैध है। उच्च न्यायालय ने 13 जनवरी को दलीलें सुनी थी। अभी न्यायिक हिरासत में बंद धूत ने सीबीआई की प्राथमिकी रद्द करने और उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किए जाने का अनुरोध किया था। धूत ने सीबीआई द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को मनमानी, अवैध, कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना उठाया गया कदम और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41 (ए) का घोर उल्लंघन बताया था, जिसके अनुसार आरोपी को जांच के लिए नोटिस जारी करना अनिवार्य होता है और अत्यंत होने पर ही गिरफ्तारी की जानी चाहिए।'' उच्च न्यायालय ने कोचर दंपति को अंतरिम जमानत देते हुए उन्हें लापरवाही से'' और बिना सोचे-समझे'' गिरफ्तार करने के लिए सीबीआई के प्रति नाखुशी भी जताई थी।

## खेल मंत्री के साथ हुई बैठक बेनतीजा, मांगों पर अड़े पहलवान



**नईदिल्ली।** शीर्ष भारतीय पहलवानों की केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ गुरुवार रात हुई बैठक बेनतीजा रही क्योंकि उन्होंने सरकार के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को तुरंत भंग करने की अपनी मांग से पीछे हटने से इनकार कर दिया। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध के दूसरे दिन गुरुवार को रात करीब 10 बजे मैराथन बैठक शुरू हुई। पहलवान रात एक बजकर 45 मिनट पर ठाकुर के घर से निकले और बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों से बात नहीं की। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, रवि दहिया, साक्षी मलिक और विश्व चैम्पियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट बैठक का हिस्सा थे। सरकारी अधिकारियों और विरोध कर रहे पहलवानों के बीच पूर्व में हुई बैठक बेनतीजा रहने के बाद ठाकुर हिमाचल प्रदेश से दिल्ली पहुंचे। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक पहलवान शुक्रवार को फिर से खेल मंत्री से मिलेंगे।

मंत्रालय बृजभूषण शरण सिंह को तब तक इस्तीफा देने के लिए मजबूर नहीं कर सकता जब तक कि उसे डब्ल्यूएफआई से लिखित जवाब नहीं मिल जाता क्योंकि सरकार ने खुद कुश्ती संघ से स्पष्टीकरण मांगा है।

डब्ल्यूएफआई ने अभी तक खेल मंत्रालय को जवाब नहीं दिया है जिसने बुधवार को कुश्ती संघ को कई महिला खिलाडिय़ों के यौन उत्पीडऩ और उसके अध्यक्ष द्वारा डराने-धमकाने के आरोपों का जवाब देने के लिए 72 घंटे का समय दिया था। सूत्रों के मुताबिक सरकार चाहती है कि पहलवान अपना विरोध-प्रदर्शन खत्म करें लेकिन खिलाड़ी इस बात पर अड़े हैं कि पहले डब्ल्यूएफआई को भंग किया जाए।

पहलवानों के एक करीबी सूत्र ने कहा, सरकार अन्य मुद्दों को बाद में सुलझा सकती है। हमें इसमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन उसे पहले डब्ल्यूएफआई को भंग करना चाहिए।

## आलिया की पहली हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन की रिलीज डेट जारी, नेटफ्लिक्स ने किया ऐलान



आलिया की यह फिल्म।

भले ही स्टार किड होने के चलते आलिया भट्ट को बॉलीवुड में ब्रेक आसानी से मिल गया हो, लेकिन आगे का रास्ता उन्होंने खुद तय किया है। अपनी पहली ही फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से उन्होंने बॉलीवुड में अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया था। अब आलिया हॉलीवुड में भी अपना दमखम दिखाने वाली हैं। उनकी पहली विदेशी फिल्म है हार्ट ऑफ स्टोन, जिसकी रिलीज डेट जारी हो गई है। आइए जानते हैं कब आएगी

आलिया के साथ फिल्म में अभिनेत्री गैल गैडोट और अभिनेता जेमी डोर्नन हैं। इसका प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने इस साल अपनी आने वाली सभी बड़ी फिल्मों और सीरीज की रिलीज डेट बताते हुए एक वीडियो जारी किया है। हार्ट ऑफ स्टोन 11 अगस्त, 2023 को आ रही है। सामने आए फिल्म के फुटेज में गैल किसी खतरे से भागती दिख रही हैं, वहीं आलिया एक बार में नजर आ रही हैं। जेमी की झलक भी इसमें दिखी है।

जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज भी इसी साल नेटफ्लिक्स पर आने वाली है। इसके जरिए खुशी कपूर, सुहाना खान और अगस्त्य नंदा जैसे स्टार किड्स अभिनय जगत में शुरुआत कर रहे हैं।

## थलपति विजय की फिल्म वारिसु ने 7 दिन में पार किया 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा



रश्मिका मंदाना और थलपति विजय की वरिसु बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म ने केवल सात दिनों में दुनियाभर में 210 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। ऐसे में अब यह फिल्म इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। इस खबर की पुष्टि करते हुए निर्माताओं ने ट्विटर पर लिखा, ट्रिपल आह को 7 दिनों में आपका प्यार मिला। 210 करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है।

वारिसु 13 जनवरी, 2023 को हिंदी समेत अन्य भाषाओं में रिलीज हुई थी, जो एक फैमिली मसाला एंटरटेनर फिल्म है। वामसी पेडिपल्ली ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जबकि फिल्म में विजय के साथ रश्मिका मंदाना नजर आई हैं।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन आप शांति से बिताएंगे। दिन के आरंभ में किसी कार्य को लेकर जल्दबाजी रहेगी दोपहर बाद लगभग सभी कार्यों को आराम से ही करेंगे। आज आप किसी भी काम को लेकर ज्यादा भागदौड़ करने के मूड में नही रहेंगे।

***वृष :*** आज के दिन आप आर्थिक मामलों को लेकर संतुष्ट रहेंगे। व्यवसायी वर्ग किसी बड़ी योजना अथवा अनुबंध पर कार्य करेंगे इसका लाभ भी शीघ्र ही मिलना आरम्भ हो जाएगा।

***मिथुन :*** आपके लिए आज का दिन प्रतिकूल परिस्थितियों वाला रहेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर सहयोग की कमी रहेगी। व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा अधिक रहने से परिश्रम भी अधिक करना पड़ेगा फिर भी लाभ होने की जगह किसी गलती के कारण हानि उठानी पड़ेगी।

***कर्क :*** आपका आज का दिन सुख-सौभाग्य में वृद्धि करेगा। आज आप नए संबंध बनाने के साथ ही पुरानो को भी जोड़े रखने में व्यस्त एवं सफल रहेंगे। घरेलू सुख के साधनों में वृद्धि हेतु खर्च करेंगे। दाम्पत्य में थोड़ी बहुत नोकझोंक के बाद भी सुख की अनुभूति होगी।

***सिंह :*** आज का दिन आपको अधिकांश कार्यो में शुभ फल की प्राप्ति कराएगा परन्तु आज आप मन ही मन किसी गुप्त चिंता से बेचैन भी रहेंगे। बुजुर्गो का आशीर्वाद एवं पारिवारिक धार्मिक प्रतिष्ठा का लाभ व्यापार में मिलेगा।

***कन्या :*** आज के दिन आप बाहरी दुनिया को छोड़ अधिक समय अपने मे ही मस्त रहेंगे। आवश्यक कार्यो में लापरवाही अथवा टालमटोल करना आर्थिक हानि के साथ ही संबंधों में भी खटास ला सकता है। गृहस्थ में कुछ कटु अनुभव होंगे।

***तुला :*** आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से ठीक नही। कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहने से जान कर भी स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरत सकते हैं। हाथ पैरों में शिथिलता आ सकती है।

***वृश्चिक :*** आज के दिन आपकी किसी के साथ श्रेष्ठ बनने की होड़ रहेगी इसमे कुछ हद तक सफल तो रहेंगे लेकिन सामाजिक क्षेत्र पर आपकी गलत छवि भी बन सकती है। व्यावसायिक क्षेत्र पर कुछ नए प्रयोग करेंगे परन्तु आज लाभ पुरानी योजनाओ से ही सीमित मात्रा में होगा।


***धनु :*** आज का दिन भी आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा परन्तु सेहत का भी विशेष ध्यान रखना होगा। पारिवारिक जन आपकी आवश्यकता को ज्यादा महत्त्व देंगे। मित्र परिचिति से प्रेम पूर्ण व्यवहार करेंगे।

***मकर :*** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा मनोरंजन कम होगा। कार्य क्षेत्र पर काम अधिक रहने से दिनचर्या बिगड़ेगी परन्तु आर्थिक लाभ बीच-बीच मे होते रहने से खान पान का भी ध्यान नही रहेगा।

***कुंभ :*** आज का दिन भी विपरीत फलदायी रहने से आपको विवेक से हर कार्य करने की सलाह है। पारिवारिक वातावरण मधुर बनाए रखें। अधिक बोलने से बचें। किसी भी कार्य मे उत्साह नही रहेगा।

***मीन :*** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। कार्य व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे सहकर्मी बिना बोले सहयोग करने के लिए तैयार रहेंगे। जोखिम वाले कार्य शेयर सट्टे आदि से धन कोष में वृद्धि होगी।

## पनीर पेपर फ्राई बनाने के लिए फॉलो करें ये आसान स्टेप्स



पनीर पेपर फ्राई आप लंच या डिनर में बना सकते हैं, तो आइए जानते हैं, लजीज पनीर पेपर फ्राई बनाने की रेसिपी।

**सामग्री :**

250 ग्राम पनीर, 1 टमाटर, 1 प्याज, एक चम्मच, 1 तेजपत्ता, 1-2 लौंग, 1 टी स्पून धनिया, 1 टी स्पून जीरा, 1 टी स्पून अदरक, 1 टमाटर, 1 प्याज

**विधि :**

-सबसे पहले धनिया, लौंग, जीरा, तेज पत्ता भूनें। इसे ब्लेंड करें और एक तरफ रख दें। एक पैन में तेल गर्म करें, इसमें प्याज-टमाटर डालकर भून लें। फिर मसाले डालकर भूनें, अब पनीर क्यूब्स डालें। इसे अच्छी तरह चलाएं, फिर इसमें नमक मिला दें। अब पनीर पेपर फ्राई का मजा लें।

## मीठे खाने के हैं शौकीन, तो ऐसे बनाएं बादाम से रेवड़ी

आप घर पर आसानी से बादाम की रेवड़ी बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए ड्राई फ्रूट्स का जरूर इस्तेमाल करें। आइए जानते हैं, इसकी रेसिपी।

**सामग्री :**

250 ग्रमा छीले हुए बादाम, 1 लीटर दूध, खोया, 1 टी स्पून इलायची पाउडर, एक-दो चम्मच काजू-पिस्ता , 3-4 बड़ा चम्मच चीनी

**विधि :**



सबसे पहले दूध उबाल लें, इसमें बादाम, खोया और चीनी मिलाएं। फिर ड्राई फ्रूट्स और इलाइची पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं। मिश्रण को अच्छी तरह पका लें। पकाने के बाद गैस बंद कर दें। तैयार है बादाम रेवड़ी।

## शब्द सामर्थ्य- 318

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 317 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

## सू-दोकू- 318

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.317 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |